चीन के विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में चीन के विद्यार्थियों ने अपने देश लौटने से

पूर्व सोमवार को विश्वविद्यालय के नागार्जुन सराय और फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय

होस्टल के परिसर में पौधारोपण कर अपनी वर्धा की स्मृतियों को वर्षों तक ताजा रखने का उदाहरण पेश किया। प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा की उपस्थिति में छात्रों ने अपने स्वागत में मिले पौधों को विवि के परिसर में लगाया। वृक्षारोपण के चंद समय के बाद चीन से आए 14

विद्यार्थी सोमवार को ही चीन लौट गये। विवि का परिसर सदा हरा-भरा और पर्यावरण के प्रति सचेत रहे, इसकी कामना उन्होंने पौधारोपण के समय व्यक्त की।